खण्ड -14/14/1[illegible]/15 संख्या-19/20/1/2

# दशम्

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## भाग - 1

# कार्यवाही प्रश्नोत्तर

सोमवार, दिनांक 25 जुलाई, 1994 ई०

मंगलवार, दिनांक 26 जुलाई, 1994 ई०

शुक्रवार, दिनांक 16 दिसम्बर, 1994 ई०

सोमवार, दिनांक 19 दिसम्बर, 1994 ई०

सत्यमेव जयते

में तिसरी थाना कांड संख्या 42/89 दिनांक 20.6.89 धारा 396 भा०द०वि० तेरह अभियुक्तों के विरुद्ध आरोप पत्र समर्पित किया गया है ।

(3) उपायुक्त गिरीडीह के पत्रांक 4104 दिनांक 31.12.92 के अनुसार मृतक के आश्रितों को मुआवजा इत्यादि देने के संबंध में एक मामला श्रम न्यायालय, हजारीबाग में चल रहा है, तथा मेसर्स सिंघों माइका माइनिंग कम्पनी कोडरमा को भी मृतक के आश्रितों को नौकरी के संबंध में लिखा गया है ।

## मल्होत्रा का स्थानान्तरण

**श्री रघुवंश प्रसाद सिंह** : क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(1) क्या यह बात सही है कि श्री अनिल कुमार मल्होत्रा, परिचारी आरक्षी कार्यालय, मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण) विगत पाँच वर्षों से मोतिहारी में ही पदस्थापित हैं,

(2) क्या यह बात सही है कि नियमतः किसी परिचारी को एक जिला में तीन वर्षों तक ही रहने का प्रावधान है,

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार नियमानुसार श्री मल्होत्रा का स्थानान्तरण अन्यत्र करने का विचार रखती हैं, नहीं, तो क्यों ?

**श्री लालू प्रसाद** : (1) उत्तर स्वीकारात्मक है । परिचारी श्री अनिल कुमार मल्होत्रा, अगस्त, 1989 से मोतिहारी जिला बल में पदस्थापित हैं ।

(2) उत्तर स्वीकारात्मक है ।

(3) परिचारी श्री मल्होत्रा के दूसरे जिला बल में स्थानान्तरण के संबंध में विचार किया जा रहा है ।

## मुआवजा का भुगतान

**श्री अम्बिका प्रसाद** : क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(1) क्या यह बात सही है कि 1993 में भागलपुर जिला के पीरपैंती थाना के ग्राम-कीर्त्तनिया में हुए गोलीकाण्ड की जांच गृह सचिव श्री जियालाल आर्य ने स्वयं की थी,

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गोली काण्ड में मृतक के परिवार को 40 हजार रूपये देने की अनुशंसा की थी,

(3) क्या यह बात सही है कि अभी तक 3 मृतक परिवार के सदस्यों को मुआवजा का भुगतान नहीं किया गया है,

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार मुआवजा का भुगतान करना चाहती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

**प्रभारी मंत्री** : (1) उत्तर स्वीकारात्मक है ।

(2) उत्तर स्वीकारात्मक है ।

(3) उत्तर स्वीकारात्मक है ।

(4) राज्य सरकार द्वारा मृतक के आश्रितों को 40-40